अमर उजाला प्रथमा सम्मान

चर्चा में क्यों?

22 मई, 2023 को अमर उजाला और देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रथमा सम्मान समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने समाज को नई दिशा देने वाली 26 महिलाओं को प्रथमा 2023 सम्मान प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रथमा सम्मान पाने वाली इन महिलाओं में विश्वविद्यालय की कुलपति, एम्स की डायरेक्टर, प्रोफेसर, डॉक्टर, फिल्म अभिनेत्री, वैज्ञानिक, समाज सेवी, पर्यावरणविद्, खिलाड़ी, महिला उद्यमी से लेकर पहली महिला कैब ड्राइवर भी शामिल थीं।
- कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने महिलाओं को सम्मान देते हुए कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। ये महिलाएँ न केवल समाज को अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं, बल्कि हज़ारों-लाखों बेटियों के लिये प्रेरणा भी बन रही हैं।
- इस दौरान महिला बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल, कैब ड्राइवर इमराना, अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नीरजा गोयल को भी सम्मानित किया गया।
- कार्यक्रम का आयोजन आरबीएस डेवलपर, नलिया हाइट्स व नलिया हिल्स, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और ट्रीट मिल्क रस्क व नमकीन के सहयोग से किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/amar-ujala-first-honor